भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 1576
28 जुलाई, 2026 को उत्तरार्थ

विषय - आकांक्षी जिलों के किसानों के लिए विशेष योजनाएं

1576. श्री राम शिरोमणि वर्मा:

क्या कृषि और किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार द्वारा श्रावस्ती सहित देश के आकांक्षी जिलों के किसानों के लिए कोई विशेष योजनाएं कार्यान्वित की गई हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) उक्त योजनाओं के अंतर्गत विगत पांच वर्षों के दौरान श्रावस्ती सहित वर्ष-वार और जिला-बार आकांक्षी जिलों के किसानों को प्रदान की गई वित्तीय सहायता का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा इन योजनाओं के क्रियान्वयन परिणामस्वरूप श्रावस्ती सहित आकांक्षी जिलों में किसानों की आय में हुई वृद्धि के संबंध में कोई आकलन किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी व्यौरा क्या है; और

(घ) किसानों के लिए सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, फसल विविधीकरण, कृषि उपज के बेहतर विपणन और बाजारों तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए सरकार द्वारा क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)

(क) एवं (ख): नीति आयोग ने जनवरी 2018 में आकांक्षी जिला कार्यक्रम (एडीपी) आरंभ किया, जिसके तहत 117 जिलों को आकांक्षी जिलों के रूप में चिन्हित किया गया है। एडीपी स्वास्थ्य और पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास और बुनियादी ढांचे जैसे क्षेत्रों में 49 प्रमुख प्रदर्शन संकेतक (केपीआई) के आधार पर श्रावस्ती सहित 117 आकांक्षी जिलों की प्रगति की निगरानी करता है।

एडीपी के तहत फंडिंग डेल्टा रैंकिंग पद्धति के आधार पर की जाती है, जो 49 केपीआई में तिमाही प्रगति के लिए जिलों को पुरस्कृत करती है। पहले और दूसरे स्थान पर रहने वाले जिलों को क्रमशः 10 करोड़ रुपए और 5 करोड़ रुपए से पुरस्कृत किया जाता है, जबकि पांच क्षेत्रों में से प्रत्येक में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिले को ₹3 करोड़ मिलते हैं। कुल मिलाकर, सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले जिलों को तिमाही आधार पर 30 करोड़ रुपये दिए जाते हैं, चाहे वे किसी भी राज्य के हों। व्यक्तिगत किसानों/लाभार्थियों को वित्तीय सहायता नहीं दी जाती है।

(ग): श्रावस्ती सहित सभी 117 आकांक्षी जिलों के सभी संकेतकों पर प्रदर्शन संबंधी विस्तृत जानकारी चैंपियंस ऑफ चेंज पोर्टल (http://championsofchange.gov.in/site/coc-home/) पर उपलब्ध है, जो पब्लिक डोमेन में है। कृषि एवं जल संसाधन विषय से संबंधित 18 संकेतकों पर श्रावस्ती जिले का प्रदर्शन **अनुबंध-I** में दिया गया है।

(घ): सरकार, सिंचाई अवसंरचना और जल-उपयोग दक्षता में सुधार के लिए, प्रति बूंद अधिक फसल (पीडीएमसी), प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई), पीएमकेएसवाई का वाटरशेड विकास घटक (डब्ल्यूडीसी) और प्रधानमंत्री किसान ऊर्जा सुरक्षा एवं उत्थान महाभियान (पीएम-कुसुम) जैसी योजनाएं कार्यान्वित करती है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा एवं पोषण मिशन (एनएफएसएनएम), दलहन में आत्मनिर्भरता मिशन, राष्ट्रीय खाद्य तेल मिशन (एनएमईओ) - तिलहन एवं आयल पाम, और एकीकृत बागवानी विकास मिशन (एमआईडीएच) के माध्यम से मिलेट्स, मोटे अनाज, दलहन, तिलहन, आयल पाम और बागवानी फसल जैसे फसलों के उत्पादन और उत्पादकता को प्रोत्साहित करके फसल विविधीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है।

सरकार कृषि विपणन के लिए एकीकृत योजना (आईएसएएम) और कृषि अवसंरचना कोष (एआईएफ) कार्यान्वित करती है ताकि वैज्ञानिक भंडारण क्षमता का निर्माण किया जा सके और फसलोपरान्त बाजार अवसंरचना के लिए व्यवहार्य परियोजनाओं में निवेश किया जा सके। राष्ट्रीय कृषि बाजार (ई-नाम) प्रतिस्पर्धी ऑनलाइन बिडिंग के माध्यम से बेहतर मूल्य निर्धारण के लिए ऑनलाइन व्यापार मंच प्रदान करता है। बेहतर सामूहिक बारगेनिंग और मूल्य श्रृंखला विकास के लिए किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) को प्रोत्साहित किया जाता है।

अनुबंध - I

"आकांक्षी जिलों के किसानों के लिए विशेष योजनाएं" के संबंध में श्री राम शिरोमणि वर्मा द्वारा पूछे गए 28.07.2026 के लिए लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1576 के भाग (ग) के उत्तर में संदर्भित अनुबंध

क्रम सं	राज्य	ज़िला	संकेतक	अवधि	विषय	आधारभूत (पहला दर्ज मान)	जनवरी-मार्च 2026
1	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	खरीफ में प्रमुख फसल - 1 की कृषि उत्पादकता	वार्षिक	कृषि एवं जल संसाधन	2649	2765
2	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	रबी में प्रमुख फसल - 1 की कृषि उत्पादकता	वार्षिक	कृषि एवं जल संसाधन	3306	3540
3	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	खरीफ में प्रमुख फसल - 2 की कृषि उत्पादकता	वार्षिक	कृषि एवं जल संसाधन	893	1183
4	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	रबी में प्रमुख फसल - 2 की कृषि उत्पादकता	वार्षिक	कृषि एवं जल संसाधन	1426	1650
5	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	कृत्रिम गर्भाधान कवरेज	मासिक के	कृषि एवं जल संसाधन	4.28	100
6	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	प्रमाणित गुणवत्ता बीज वितरण	अर्धवार्षिक	कृषि एवं जल संसाधन	40239	24650
7	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	खरीफ फसल बीमा: प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत शुद्ध बोए गए क्षेत्र का प्रतिशत	वार्षिक	कृषि एवं जल संसाधन	20.17	36.97
8	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	रबी फसल बीमा -: प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) के अंतर्गत रबी में शुद्ध बोए गए क्षेत्र का प्रतिशत	वार्षिक	कृषि एवं जल संसाधन	35.75	19.82

क्रम सं	राज्य	ज़िला	संकेतक	अवधि	विषय	आधारभूत (पहला दर्ज मान)	जनवरी-मार्च 2026
9	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	इस अवधि के दौरान एमजीएनआरईजीए के तहत पुनर्जीवित किए गए जल निकायों की संख्या	अर्धवार्षिक	कृषि एवं जल संसाधन	33	398
10	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	जिले में इलेक्ट्रॉनिक बाजार से जुड़ी मंडियों की संख्या	मासिक	कृषि एवं जल संसाधन	0	1
11	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	वितरित किए गए मृदा स्वास्थ्य कार्डों की संख्या	मासिक	कृषि एवं जल संसाधन	23256	132656
12	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	धान (सामान्य): मूल्य प्राप्ति में प्रतिशत परिवर्तन (जिसे कृषि कटाई मूल्य (एफएचपी) और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के बीच अंतर के रूप में परिभाषित किया गया है)	अर्धवार्षिक	कृषि एवं जल संसाधन	-9.03	-13.25
13	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	धान (ग्रेड ए): मूल्य प्राप्ति में प्रतिशत परिवर्तन (जिसे कृषि कटाई मूल्य (एफएचपी) और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के बीच अंतर के रूप में परिभाषित किया गया है)	अर्धवार्षिक	कृषि एवं जल संसाधन	-2.52	-7.28

क्रम सं	राज्य	ज़िला	संकेतक	अवधि	विषय	आधारभूत (पहला दर्ज मान)	जनवरी-मार्च 2026
14	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	कृषि ऋण में प्रतिशत वृद्धि	अर्धवार्षिक	कृषि एवं जल संसाधन	0	-8.62
15	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	टीकाकरण किए गए पशुओं का प्रतिशत	मासिक	कृषि एवं जल संसाधन	8.94	100
16	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	सूक्ष्म सिंचाई के अंतर्गत क्षेत्रफल का प्रतिशत	मासिक	कृषि एवं जल संसाधन	0.34	8.31
17	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	जिले में कुल बोए गए क्षेत्र में उच्च मूल्य वाली फसलों का प्रतिशत हिस्सा	वार्षिक	कृषि एवं जल संसाधन	24.91	6.99
18	उत्तर प्रदेश	श्रावस्ती	गेहूं: मूल्य प्राप्ति में प्रतिशत परिवर्तन (जिसे कृषि कटाई मूल्य (एफएचपी) और न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के बीच अंतर के रूप में परिभाषित किया गया है)	अर्धवार्षिक	कृषि एवं जल संसाधन	-8.59	-3.48

*****